No. of Printed Pages : 4

एफ.एच.डी.-2

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

29816

जून, 2016

एफ.एच.डी.-2 : हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

खण्ड क

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 – 300 शब्दों में दीजिए ।

1. उच्चरित और लिखित भाषा का अंतर स्पष्ट कीजिए । *10*

अथवा

प्रभावी लेखन की विशेषताएँ संक्षेप में बताइए ।

2. 'एकलव्य के नोट्स' के प्रतिपाद्य पर विचार कीजिए । *10*

अथवा

साहित्यिक विधा के रूप में पत्र-लेखन की विशेषताएँ बताइए ।

खण्ड ख

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए ।

3. जीवनी की विशेषताएँ बताइए । 5

अथवा

किसी समाचार-पत्र हेतु एक-दिवसीय क्रिकेट मैच का समाचार तैयार कीजिए ।

4. अर्धसरकारी पत्र की रूपरेखा तैयार कीजिए । 5

अथवा

सार-लेखन की विशेषताएँ बताइए ।

5. संस्मरण-विधा का स्वरूप स्पष्ट कीजिए । 5

अथवा

सर्जनात्मक लेखन की विशेषताएँ बताइए ।

6. साक्षरता अभियान के लिए आयोजित बैठक का कार्यवृत्त तैयार कीजिए । 5

अथवा

अपने क्षेत्र के किसी अस्पताल की स्थिति के बारे में संक्षिप्त रिपोर्ट तैयार कीजिए ।

खण्ड ग

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए : *5×1=5*

(क) भाषा के दो रूप कौन-कौन से हैं ?

(ख) संवाद की दो विशेषताएँ बताइए ।

(ग) मुक्तिबोध का पूरा नाम बताइए ।

(घ) साक्षात्कार क्या है ?

(ङ) नोट्स-लेखन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

खण्ड घ

8. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए : $5\times 1=5$

(क) महादेवी वर्मा की रचना है

(अ) शरणदाता

(ब) परिन्दे

(स) पथ के साथी

(द) अबूतर-कबूतर

(ख) मौखिक सम्प्रेषण में शामिल है

(अ) लिखना

(ब) हँसना

(स) मौन रहना

(द) बोलना

(ग) 'रिपोर्ताज' शब्द को किस भाषा से हिन्दी में ग्रहण किया गया है ?

(अ) रूसी

(ब) फ्रेंच

(स) अंग्रेज़ी

(द) तमिल

(घ) राहुल सांकृत्यायन ने यात्रा की है

(अ) अमेरिका

(ब) तिब्बत

(स) बल्गारिया

(द) स्पेन

(ङ) 'निराला की साहित्य-साधना' के लेखक हैं

(अ) निराला

(ब) रामविलास शर्मा

(स) अज्ञेय

(द) मोहन राकेश